सूर्यास्त (आज) 16.58 बजे

सूर्योदय (कल) 05.06 बजे

तिथि- प्रतिपदा रात्रि 8.46 पर्यंत, उपरांत द्वितीया. **पक्ष**-कृष्ण. मास-मार्गशीर्ष. **विक्रम संवत**-2070. **शक संवत**-1935. **हिजरी तारीख**-13. **महीना**-मु मोहर्रम. **वर्ष**-1435. **नानकशाही दिनांक**-03, **महीना**-अगहन. **वर्ष**-545. **बांग्ला** -1420, ता-02.

सूर्योदयकालीन नक्षत्र

कृत्तिका दिवा 1.08 पर्यंत, उपरांत रोहिणी नक्षत्र. परिघ योग.

आकाशीय ग्रह स्थिति

चंद्रमा वृष राशि में विराजमान हैं.

कब करें खरीदारी

प्रातः 08.00 बजे से संध्या 04.00 बजे पर्यंत.

शुभाशुभ ज्ञानम्

शुभ अंक-04, 08, 12. शुभ रंग -लाल,सफेद, पीला.

दिशाशूल

पूर्व व अग्नि (दपू) दिशा की यात्रा वर्जित है. आवश्यक हो, तो आईना में अपना चेहरा देख कर यात्रा करें.

राहुकाल

दिवा 7.30 से 09.00 बजे पर्यंत.

चौघड़िया मुहूर्त

अमृत : 6.38 से 08.08 बजे पर्यंत. **शुभ** : 09.40 से 11.19 बजे पर्यंत. **चर** : 02.13 बजे से 03.43 बजे, पर्यंत, **लाभ** : 03.44 से 05.14 बजे पर्यंत.

आज जन्मे बच्चों के नाम

नक्षत्र	चरण	राशि	नामक्षर
कृत्तिका	4	वृष	ए
रोहिणी	1	वृष	ओ
रोहिणी	2	वृष	वा
रोहिणी	3	वृष	वी

जैसा सुना था, उससे अच्छा शहर है धनबाद : प्राची देसाई

नो पॉलिटिकल क्वेश्चन प्लीज !

वरीय संवाददाता, धनबाद

बॉलीवुड अभिनेत्री प्राची देसाई ने रविवार को यहां कहा कि जैसा सुना था, उससे अच्छा शहर है धनबाद. पहली बार यहां आयी हूं. काफी अच्छा लग रहा है. धनबाद के लोग अच्छे हैं और काफी प्यार मिला. मैं हमेशा धनबाद को याद करूंगी. वह श्रीराम ओजोन ग्रुप की नवनिर्मित स्टार केटेगरी फैसिलिटी होटल 'सोनोटेल' के उद्घाटन समारोह में भाग लेने धनबाद आयी हुई थी. पत्रकारों से बातचीत के क्रम में प्राची ने कहा कि बचपन से ही एक्टर बनने की तमन्ना थी. फिल्म जगत से मेरे परिवार का कोई लेना-देना नहीं था. पूना में जब मैं इंटर की पढ़ाई कर रही थी, उसी समय टेलीविजन के लिए आवेदन दिया. बालाजी टेली फिल्म में 'कसम से' सीरियल में काम मिला. सीरियल काफी चर्चित हुई. दो साल संघर्ष के बाद बॉलीवुड में ब्रेक मिला. पहली फिल्म रॉक ऑन में काम करने का कैसा अनुभव रहा, के बारे में कहा कि शुरुआत में मुश्किल तो होती है. लेकिन अगर आपमें प्रतिभा है तो निश्चित रुप से सफलता मिलती है. आइटम डांस के सवाल पर प्राची ने कहा कि अब तक कोई ऐसा गाना नहीं मिला. अगर अच्छा गाना मिलेगा तो आइटम सांग करूंगी. आनेवाली फिल्म पर उन्होंने कहा कि फिल्म की घोषणा नहीं हुई है. धीरज रखिये, बहुत जल्द आपको पता चल जायेगा. नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के सवाल पर प्राची ने कहा कि नो पॉलिटिकल क्वेश्चन प्लीज. इस मौके पर श्रीराम ओजोन ग्रुप के एमडी प्रदीप सौंथालिया, निदेशक नित्यानंद सौंथालिया, सीएम पार्थो मुखर्जी आदि उपस्थित थे.

ओजोन गैलेरिया में प्रशंसकों का अभिवादन स्वीकार करती प्राची देसाई.

फोटो। प्रभात खबर

एक झलक पाने को बेताब भीड़

ओजोन गैलेरिया मॉल में बॉलीवुड अभिनेत्री साची देसाई को देखने के भारी भीड़ थी. हालांकि प्राची ने दर्शकों को नाराज नहीं किया. लिफ्ट से ही सभी दर्शकों को हाथ हिलाकर अभिवादन किया. लिफ्ट से कभी ग्राउंड फ्लोर तो कभी टॉप फ्लोर में आती-जाती रही. कुछ प्रमुख लोगों के साथ फोटो भी खिंचवाये.

समारोह में आये थे गेस्ट

विधायक कुंती सिंह, मेयर इंदु देवी, डिप्टी मेयर नीरज सिंह, एडीएम लॉ एंड ऑर्डर बीपीएल दास, अनुमंडलाधिकारी पदाधिकारी अभिषेक श्रीवास्तव, डीएसपी लॉ इंड ऑर्डर अमित कुमार, पूर्व बियाडा अध्यक्ष विजय झा, भाजपा नेता शेखर अग्रवाल, उद्योगपति केदार मित्तल, जिला चेंबर अध्यक्ष राजीव शर्मा, राजेश सिंह, आइएमए के प्रदेश अध्यक्ष डॉ एके सिंह, उद्योगपति अमितेश सहाय, एसबीआइ के रिजनल मैनेजर एके झा, पदाधिकारी कुमार रंजन सहित कई गण्यमान्य उपस्थित थे.

पहला स्टार रेटिंग होटल सोनोटेल

होटल का उद्घाटन करतीं प्राची व अन्य.

श्रीराम ओजोन ग्रुप के निदेशक नित्यानंद सौंथालिया ने कहा कि धनबाद में यह पहला स्टार रेटिंग होटल है. बिजनेस रूम एंड सूट्स, रेस्टोरेंट एंड बार, बैंक्युट हॉल, बिजनेस सेंटर व रूफ टॉप पार्टी जोन के लिए अलग-अलग फेसिलिटी है. 70 लोगों के बैठने के लिए रेस्टोरेंट में व्यवस्था है. बैंक्युट हॉल 400 लोगों के लिए जगह है. रूफ टॉप पार्टी जोन में 500 लोगों के लिए व्यवस्था है. बार में 40 लोग आराम से बैठ सकते हैं. यहां एक्सजिटिव, क्लब, सुपीरियर, नाइट, सुट्स व प्रेसिडेंशियल सूट सात तरह के एकोमेडेशन की व्यवस्था है. सबके लिए अलग-अलग चार्ज निर्धारित है. गेस्ट को ट्रेवलिंग व डॉक्टर की सुविधा भी उपलब्ध करायी जायेगी.

अच्छे हॉस्पिटल के लिए सोच रहे हैं : नित्यानंद

श्रीराम ओजोन ग्रुप के निदेशक नित्यानंद सौंथालिया ने कहा कि धनबाद में एक अच्छे हॉस्पिटल की आवश्यकता है. धनबाद में सब कुछ है लेकिन एक अच्छा हॉस्पिटल नहीं है. यहां के लोगों को बाहर जाकर इलाज कराना पडता है. हॉस्पिटल मामले में विचार कर रहे हैं. समय आने पर हॉस्पिटल की योजना को भी धरातल पर उतारूंगा.